कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) शाहजहाँपुर।
ए–16, गार्डन स्टेट (साउथ सिटी के सामने), निकट बरेली मोड़, शाहजहाँपुर–242001
दूरभाष संख्या–7068698568 Email- ee.upjngramin.spn@gmail.com

पत्रांक 2777 / W.S17 / 1995 दिनांक : 05/06/2025

## निरीक्षण आख्या

दिनांक 04.05.2025 को मा0 विधान सभा सदस्य 136–ददरौल, श्री अरविन्द कुमार सिंह जी द्वारा जनपद शाहजहाँपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विकास खण्ड ददरौल की इटौरा, दुधौना, सिसनई एवं कारी मकुआपुर पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधोहस्ताक्षरी सहित, श्री सौरभ पाठक, सहायक अभियन्ता, जल निगम, श्री रंजन कुमार, जूनियर इंजीनियर, श्री लक्ष्यदीप त्यागी (डी0पी0एम0), श्री अंजिल शुक्ला, श्री हरेन्द्र, टी0पी0आई0ए0, श्री दीपेन्द्र सिंह (डिस्ट्रिक्ट कोऑडिनेटर), श्री पुष्पेन्द्र पचौरी (सी0वी0एण्ड टी0 कोऑडिनेटर), मै0मेधज (डी0पी0एम0यू0), फर्म मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड के श्री कृष्णनम राजू (डी0पी0एम0) एवं सम्बन्धित साईट इंजीनियर, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। निरीक्षण आख्या निम्नानुसार है–

### 1– इटौरा पेयजल योजना, ब्लाक ददरौल–

| कार्य | प्रस्तावित | प्रगति |
|---|---|---|
| 1–ट्यूबवेल | 1 No. | 100% |
| 2–एफ0एच0टी0सी0 | 378 Nos. | 380 Nos. |
| 3–पाइप लाइन | 4.697 Km | 4.697 Km |
| 4–पम्प हाउस | 1 No. (10 HP) | 100% |
| 5–शिरोपरि जलाशय | 1 No. (150 Kl/12 M) | 100% |
| 6–सोलर पैनल | 15 KW | 100% |
| 7–बाउण्ड्रीवॉल | 118.2 M | 100% |

**निरीक्षण के दौरान निम्न स्थिति पायी गयी–**

1. निरीक्षण के दौरान योजनान्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। वर्तमान में योजना में ओ0एच0टी0 के माध्यम से क्लोरीनयुक्त जल की नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
2. मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामीणों से वार्ता के दौरान उनके द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है तथा योजनान्तर्गत सड़क पुर्नस्थापना से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं।
3. मा0 विधायक जी द्वारा ओ0एच0टी0 कैम्पस में फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया गया।
4. मौके पर दो ग्रामीणों द्वारा दिये गये कनेक्शन में टोंटी नही लगे होने सम्बन्धित शिकायत तथा एक व्यक्ति द्वारा नया कनेक्शन लिए जाने की इच्छा की गयी। जिस पर मा0 विधायक जी द्वारा उक्त शिकायत के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

फोटोग्राफ–













2– दुधौना पेयजल योजना, ब्लाक ददरौल–

| कार्य | प्रस्तावित | प्रगति |
|---|---|---|
| 1–ट्यूबवेल | 1 No. | 100% |
| 2–एफ0एच0टी0सी0 | 487 Nos. | 462 Nos. |
| 3–पाइप लाइन | 1.128 Km | 100% |
| 4–पम्प हाउस | 1 No. (10 HP) | 100% |
| 5–शिरोपरि जलाशय | 1 No. (125 Kl/12 M) | 100% |
| 6–सोलर पैनल | 16 KW | 100% |
| 7–बाउण्ड्रीवॉल | 140 M | 100% |

निरीक्षण के दौरान निम्न स्थिति पायी गयी–

1. निरीक्षण के दौरान योजनान्तर्गत समस्त प्रस्तावित कार्य पूर्ण पाये गये। वर्तमान में योजना में ओ0एच0टी0 के माध्यम से क्लोरीनयुक्त जल की नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
2. मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामीणों के साथ जन चौपाल की गयी जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है। राजस्व ग्राम दुधौना के एक मोहल्ले के लगभग 25 घरों में दिये गये कनेक्शन का मरम्मत कार्य अवशेष है तथा कुछ नये इच्छुक परिवारों को कनेक्शन दिये जाने हैं। श्री जगदीश प्रसाद के बाग के पास मेन पाइप लाइन में ज्वाइंटिंग की गयी

Scanned with OKEN Scanner


जगह पर लीकेज हो रही है। जिस पर मा0 विधायक जी द्वारा उक्त शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये।

**फोटोग्राफ–**













3– <u>सिसनई पेयजल योजना, ब्लाक ददरौल–</u>

| कार्य | प्रस्तावित | प्रगति |
|---|---|---|
| 1–ट्यूबवेल | 1 No. | 100% |
| 2–एफ0एच0टी0सी0 | 442 Nos. | 429 Nos. |
| 3–पाइप लाइन | 4.991 Km | 100% |
| 4–पम्प हाउस | 1 No. (10 HP) | 100% |
| 5–शिरोपरि जलाशय | 1 No. (150 Kl/12 M) | 100% |
| 6–सोलर पैनल | 12 KW | 100% |
| 7–बाउण्ड्रीवॉल | 129.2 M | 100% |

**निरीक्षण के दौरान निम्न स्थिति पायी गयी–**

1. निरीक्षण के दौरान योजनान्तर्गत समस्त प्रस्तावित कार्य पूर्ण पाये गये। वर्तमान में योजना में ओ0एच0टी0 के माध्यम से क्लोरीनयुक्त जल की नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
2. मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामीणों के साथ जन चौपाल की गयी जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है। राजस्व ग्राम सिसनई के एक मोहल्ले के लगभग 25 घरों में दिये गये कनेक्शन का मरम्मत कार्य अवशेष है तथा कुछ नये इच्छुक परिवारों को कनेक्शन दिये जाने हैं। जिस पर मा0 विधायक जी द्वारा उक्त शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

फोटोग्राफ–









4– कारी मकुआपुर पेयजल योजना, ब्लाक ददरौल–

| कार्य | प्रस्तावित | प्रगति |
|---|---|---|
| 1–ट्यूबवेल | 1 No. | 100% |
| 2–एफ0एच0टी0सी0 | 365 Nos. | 362 Nos. |
| 3–पाइप लाइन | 6.081 Km | 100% |
| 4–पम्प हाउस | 1 No. (7.5 HP) | 100% |
| 5–शिरोपरि जलाशय | 1 No. (100 Kl/12 M) | 100% |
| 6–सोलर पैनल | 11 KW | 100% |
| 7–बाउण्ड्रीवॉल | 125.2 M | 100% |


**निरीक्षण के दौरान निम्न स्थिति पायी गयी–**

1. निरीक्षण के दौरान योजनान्तर्गत समस्त प्रस्तावित कार्य पूर्ण पाये गये। वर्तमान में योजना में ओ0एच0टी0 के माध्यम से क्लोरीनयुक्त जल की नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
3. मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामीणों के साथ वार्ता की गयी जिसमें ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सुचारू रूप से जलापूर्ति हो रही है।
4. मौके पर ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि ओ0एच0टी0 तालाब के अत्यन्त पास होने के कारण कैम्पस में जल भराव की समस्या बनी रहती है। जिस पर मा0 विधायक जी द्वारा तालाब को पास के नाले में पाइप और चैम्बर के माध्यम से जोड़ने का सुझाव दिया, जिससे अतिरिक्त जल भराव की समस्या न होने पाये।
5. फर्म, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के डी0जी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि आए दिन योजनाओं के ओ0एच0टी0 कैम्पस से सामान चोरी हो जाने की समस्याएं बनी रहती हैं, जिस पर मा0 विधायक जी द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के ओ0एच0टी0 कैम्पस को सी0सी0टी0वी0 कैमरे से लेस कराने का

Scanned with OKEN Scanner

सुझाव दिया गया, जिससे कि ओ0एच0टी0 कैम्पस में हो रही चोरी को रोका जा सके तथा आस पास के क्षेत्र में भी इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

**फोटोग्राफ–**











(सनी सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक :

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, श्रीमती सुलोना कुशवाहा, मा0 विधान सभा सदस्य 133–तिलहर, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर।
5. मै0 वी0एल0जी0 (टी0पी0आई0ए0), शाहजहाँपुर।
6. मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड, शाहजहाँपुर.।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner